चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1309
दिनांक : 09.08.2023

अतिमहत्वपूर्ण/सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : एलएल0बी0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एल0एल0एम0 पाठ्यक्रमों के सर्वप्रथम अन्तिम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर अंक प्रत्येक दशा में 07 दिवस के अन्दर पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1192, दिनांक 24.07.2023 द्वारा सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय का **35वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 05 अक्टूबर, 2023** को नियत है। संज्ञान में आया है कि विधि संकाय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें अधिकतर महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अभी तक सम्पन्न कराकर अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।

अतः मा0 कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि विधि संकाय के पाठ्यक्रमों की सर्वप्रथम अन्तिम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर अंक प्रत्येक दशा में 07 दिवस के अन्दर पोर्टल पर अपलोड कर अंकपर्ण की दो प्रतियां (कुलसचिव प्रति एवं टैबुलेटर प्रति) खिड़की नं0–40 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा परिणाम समय से घोषित किया जा सके।

यदि आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंकों के अभाव में किसी छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो पाता है और छात्र/छात्रा श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह जाते हैं तो इसका समस्त दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/समन्वयक, रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)